**प्रकरण क्रमांक 1023/2022**

**शासन विरूद्ध मोहन लाल साहू वगैरह**

Witness No----**09**---for--**अभियोजन साक्ष्य**----Deposition taken the--**20/02/2026**--day of-- **शुक्रवार** -witness's apparent age-- **55 वर्ष**

States on affirmation---**शपथपूर्वक**---my name is—**राम लाल साहू---**

S/of --- **स्व. श्री सखाराम साहू**----occupation----- **कृषि** address----**ग्राम कोलयारी, थाना भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.)**

---

**मुख्य परीक्षण प्रारंभ करने का समयः 03:58 पी.एम.**

**मुख्य परीक्षण द्वारा श्री प्रवेश उसेंडी ए.डी.पी.ओ.**

**01.** मैं न्यायालय उपस्थित आरोपीगण को जानता पहचानता हूं, सभी लोग मेरे गांव के हैं। मैं प्रार्थी दुर्गेश साहू, आहत ढालसिंग साहू, लक्ष्मीबाई साहू, थानेश्वर साहू, धनेश, रामलाल साहू को भी जानता हूं ये लोग भी मेरे गांव के है।

**02.** मुझे घटना दिनांक आज याद नहीं है। मुझे घटना के बारे मे कोई जानकारी नहीं। मेरे सामने कोई घटना नहीं घटा है। पुलिस वालो ने मेरे सामने से आरोपीगणों से किसी चीज की जप्ती नहीं की थी न ही गिरफ्तार किय गया था, किन्तु पत्रक प्र.पी.04, गिरफ्तारी पत्रक प्र.पी.05 से प्र.पी.07 है, जिसके स से स भाग पर मेरे हस्ताक्षर है। सभी हस्ताक्षर मैंने कब और कहां किये है आज मुझे याद नहीं है।

**नोटः- इसी स्तर पर अभियोजन द्वारा साक्षी से सूचक प्रश्न पूछे जाने की अनुमति चाही गई। विचार पश्चात् अनुमति प्रदान की गई।**

**03.** यह कहना गलत है कि मेरे सामने पुलिस वालो दिनांक 10.08.2022 को आरोपी कुलदीप साहू के पेश करने पर एक नग लोहे का फावड़ा जिसमे लकडी का बेठ लगा हुआ है जप्त किया गया हैं यह कहना गलत है कि आरोपीगण को मेरे सामने

गिरफ्तार किया है। यह कहना गलत है कि आरोपीगण को बचाने के लिए पूरी सही बात नहीं बता रहा हूं।

**प्रतिपरीक्षण द्वारा श्री बी.डी.साहू अधिवक्ता वास्ते अभियुक्तगण**

04. यह कहना सही है कि मैंने प्र.पी.04 के ब से ब भाग पर हस्ताक्षर पुलिस वालो के कहने पर मैंने गांव के चौराहे में अपरा हस्ताक्षर किया था। यह कहना सही है कि जिस समय मैं अपने ब से ब भाग का हस्ताक्षर किया उस समय आरोपी कुलदीप वहां पर उपस्थित नहीं था। इसके अतिरिक्त मैंने और कोई हस्ताक्षर नहीं किया है।

**प्रतिपरीक्षण समाप्त करने का समय– 04:11 पी.एम.**

| | |
|---|---|
| **वांचित/सत्य स्वीकृत** | **मेरे निर्देश पर टंकित** |
| **सही/–** | **सही/–** |
| **(निलेश कुमार बघेल)** | **(निलेश कुमार बघेल )** |
| **न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी** | **न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी** |
| **कुरूद, जिला धमतरी छ.ग.** | **कुरूद, जिला धमतरी छ.ग.** |

**साक्षी के हस्ताक्षर**